तापमान

अधिकतम 31.4 डिग्री

न्यूनतम 16.6 डिग्री

हरिभूमि

# बालोद भूमि

रायपुर, शुक्रवार 28 जून 2024



13 झमाझम बारिश के बाद भी गर्मी और उमस मौसमी बीमारी से



14 भंवरमरा स्कूल में मना प्रवेश उत्सव व नशा निषेध दिवस







B.M. COLLEGE

BCA BBA

PGDCA B.Ed.

आई.टी.आई.

▸कोपा ▸इलेक्ट्रिशियन ▸हेल्थ सैनेटरी इंस्पेक्टर ▸डीजल मैकेनिक ▸फायर टेक्नालॉजी ▸स्टेनो हिन्दी

गोकुल नगर, पुलगांव, दुर्ग

8770638793, 9340311314 9303893829, 9300850065

नोट - हेमचंद यादव विश्वविद्यालय, दुर्ग ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन, अंतिम तिथि - 29/06/24


# गांव की जमीन पर सड़क निर्माण, एजेंसी पंचायत की अनुमति के बिना बना रहा भवन

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कुसुमकसा

बालोद जिले के एकमात्र आदिवासी विकासखंड डोंडी की अड़जाल पंचायत की शासकीय भूमि पर राष्ट्रीय राजमार्ग 930 के तहत झलमला से कुसुमकसा होकर मानपुर की ओर निर्माणाधीन सड़क के निर्माण एजेंसी द्वारा अनाधिकृत रूप से ग्राम पंचायत की बिना सहमति के भवन का निर्माण किया जा रहा है, जिसे लेकर पंचायत प्रतिनिधियों व ग्रामीणों में रोष व्याप्त है।

मिली जानकारी के अनुसार ग्राम पंचायत अडजाल का आश्रित ग्राम जमही के सरहद में मुख्य मार्ग पर शासकीय जमीन खाली पड़ी थी, जिसे ग्रामीणों ने सुरक्षित रखा था। पंचायत की जमीन से लगकर राष्ट्रीय राजमार्ग 930 के तहत सड़क चौड़ीकरण व उन्नयन का कार्य चल रहा है। सड़क चौड़ीकरण के लिए नापजोख के बाद सड़क निर्माण के साथ निर्माणाधीन टोलप्लाजा के बाजू में ग्राम पंचायत की खाली पड़ी शासकीय भूमि खसरा नम्बर 64/1 पर सड़क निर्माण एजेंसी द्वारा भवन का निर्माण किया जा रहा है। निर्मित भवन के पीछे भी पंचायत की शासकीय भूमि है, जिसका कोई उपयोग नहीं हो पाएगा। भवन का निर्माण कार्य चालू होने के कुछ दिनों में ग्रामीण निर्माण स्थल पहुंचकर ग्राम पंचायत की जमीन होना बताया, किंतु उनकी बातों को नजर अंदाज कर निर्माण एजेंसी ने भवन निर्माण कार्य चालू रखा, तो ग्रामीण पंचायत की जमीन पर भवन निर्माण की ▸▸| शेष पेज 13 पर

## ग्राम पंचायत अड़जाल के ग्रामीणों ने किया विरोध, की कार्रवाई की मांग

### भवन निर्माण अवैध

जमही के ग्राम पटेल सोनसाय ने बताया कि ग्राम की शासकीय जमीन पर भवन का निर्माण किया जाना अनुचित है। ग्राम पंचायत की घास भूमि जिस पर समय के हिसाब से ग्रामीण उक्त जमीन का सदुपयोग करते। निर्माण शुरू होने के समय ही हम लोगों ने इसे पंचायत की जमीन होना बताया था, निर्माण एजेंसी द्वारा दबंगता पूर्वक भवन का निर्माण किया जा रहा है, जो अनुचित है। अवैध निर्माण के विरूद्ध कार्रवाई की जानी चाहिए। वहीं, इस मामले में अतिरिक्त तहसीलदार दल्लीराजहरा कोमल सिंह ध्रुव ने कहा कि आपके माध्यम से जानकारी मिल रही है, पटवारी से जानकारी लेता हूं।



### पंचायत से नहीं ली अनुमति

ग्राम पंचायत अड़जाल के सरपंच देवेंद्र सिंद्रामे ने कहा कि पंचायत की खाली पड़ी जमीन में बन रहा भवन अवैध है। भवन का निर्माण करने के लिए निर्माण एजेंसी द्वारा किसी तरह की अनुमति या अनापत्ति प्रमाणपत्र नहीं लिया गया है। इसे लेकर ग्रामीणों में भी असंतोष है। उन्होंने कहा कि अवैध भवन निर्माण पर उचित कार्रवाई करने पंचायत प्रतिनिधियों व ग्रामीणों द्वारा जल्द ही उच्चाधिकारियों को मांग पत्र सौंपा जाएगा।

## समस्या : भर्रीटोला 43 से चिपरा पहुंच मार्ग पर आने-जाने वाले परेशान

# पहली बारिश में बह गई बांध की मिट्टी सड़क पर कीचड़, आवागमन बाधित

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कुसुमकसा

भर्रीटोला 43 से चिपरा पहुंच मार्ग पर राष्ट्रीय रोजगार गारंटी योजना के तहत कुटुम बांध से खोदी गई मिट्टी को पार बनाने से पहली बरसात में ही मिट्टी बहकर सड़क पर आ जाने से

■ चिपरा पहुंचने के लिए कुसुमकसा होकर 8 किमी करना पड़ा सफर

स्कूली बच्चों को शाला जाने में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा। कोई बच्चा मार्ग में दलदल होने से साइकिल के चक्के में मिट्टी फंस जाने से साइकिल जाम हो जाने के कारण शाला नहीं गया।

वहीं, कोई उक्त दलदल स्थल से साइकिल जाम होने से साइकिल में ताला लगा कर वहीं पर छोड़कर लगभग दो किलोमीटर पैदल गया, तो कोई भर्रीटोला से कुसुमकसा होकर लगभग 8 किलोमीटर साइकिल चलाकर हाईस्कूल चिपरा पहुंचे। मिली जानकारी के अनुसार कुटूम बांध में ग्राम पंचायत चिपरा द्वारा महात्मा गांधी राष्ट्रीय रोजगार गारंटी योजना के तहत गहारीकरण का कार्य चला था जिसमे गहरीकरण में खोदी गई काली मिट्टी को बांध के पार में में बनाकर रखा गया। मिट्टी की बनाई गई मेड के किनारे ही भर्रीटोला से चिपरा ग्राम को जाने के लिए बनाई गई मुरूम युक्त सड़क है। पहली बारिश में ही मेड़ की काली मिट्टी बहकर सड़क पर आ जाने से दलदल की स्थिति हो गई। सुबह ग्राम भर्रीटोला, रजही, ककरैल, देवपांडुम के स्कूली बच्चे हाईस्कूल चिपरा जाने के लिए सायकल से निकले तो कुटुम बांध के पास हुए दलदल में फंस गए। किसी की सायकल के चक्के व मडगार्ड के बीच मिट्टी फंस जाने से साइकिल के चक्के जाम हो गए जिससे स्कूली बच्चों को काफी परेशानी हुई।



### ग्रामीणों ने काली मिट्टी की जगह मुरुम डालने की मांग की

भर्रीटोला से चिपरा पहुंच मार्ग के किनारे डाली गई मिट्टी को तथा सड़क में बहकर आई काली मिट्टी को हटाकर मुरूम डलवाने की मांग स्कूली बच्चों व ग्रामीणों ने की है। उन्होंने कहा कि इससे चार गांवों के स्कूली बच्चों को उच्च शिक्षा के लिए चिपरा शाला आने-जाने में कोई परेशानी ना हो।

# गाली गलौज और ब्लेड से हमला करने के आरोप में युवक गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बालोद

शराब पीकर गालीगलौज व धारदार ब्लेड से हमला करने के आरोप में कोतवाली पुलिस ने युवक को गिरफ्तार कर धारा 151 के तहत कार्रवाई कर जेल भेज दिया है।

दरअसल आरोपी युवक ग्राम लिमोरा में भुनेश्वर ठाकुर के घर के पास पहुंचकर भुनेश्वर ठाकुर की

■ प्रार्थी की शिकायत पर कोतवाली पुलिस ने की कार्रवाई

बेटी के साथ विवाद कर रहा था और ब्लेड से मारने की कोशिश कर रहा था। इस दौरान लड़की के पिता भुनेश्वर बीच बचाव करते हुए आरोपी को ब्लेड से हमला करने से रोक रहा था। इस दौरान आरोपी मेघानंद ने भुनेश्वर ठाकुर के हाथ में ब्लेड से हमला कर दिया।

उसके बाद ग्रामीण युवक को थाना पकड़ कर लाए, जहां भुनेश्वर ठाकुर ने रिपोर्ट लिखाते हुए बताया कि 23 जून को शाम करीबन 6 बजे अपने परिवार के साथ घर के छत के सीढी के नीचे बैठकर बातचीत कर रहा था। वहीं, बड़ी लड़की घर के नल के पास बैठी थी। उसी समय



एक लड़का घर के पास आकर मेरी लड़की को ब्लेड दिखाकर अपनी स्कूटी की चाबी कहां है पूछ रहा था। इस दौरान भुनेश्वर ठाकुर ने आरोपी लड़के के हाथ को पकड़ा तो उसके दाहिने हाथ की हथेली ब्लेड से कट गया। घटना के दौरान ग्राम लिमोरा में कुछ अन्य ग्रामीण मौजूद थे।

जिसके बाद लड़के को पूछताछ करने पर उसने स्वयं को ग्राम कपरमेटा का मेघानंद मण्डावी पिता राधेश्याम मण्डावी 20 वर्ष बताया और उसने मेरी मोटर सायकल को आप लोग रखे हो कहने लगा। उनका गाड़ी नहीं रखे हैं कहने पर उसने गाड़ी नहीं मिलने पर जान से मारने की धमकी देकर गाली गलौज करने लगा। इस मामले में पुलिस ने मारपीट और गाली गलौज करने वाले युवक को धारा 151 के तहत कार्रवाई करते हुए जेल भेज दिया।

## खबर संक्षेप

### श्री गौरैया सिद्ध शक्ति पीठ चौरेल की बैठक 30 को

**लाटाबोड़।** न्यास श्री गौरैया सिद्ध शक्ति पीठ चौरेल के सदस्यों की बैठक 30 जून रविवार को दोपहर 2 बजे से रखी गई है। समिति के अध्यक्ष नीतीश मोंटी यादव ने बताया कि बैठक में सभी सम्मानित सदस्यों की उपस्थिति अनिवार्य है। बैठक में रथयात्रा तथा आगामी रूद्राभिषेक कार्यक्रम की तैयारियों के साथ ही अन्य आवश्यक विषयों पर चर्चा की जाएगी।

### किसानों को 50 प्रतिशत अनुदान पर दिए जाएंगे सुगंधित धान बीज

**गुरूर।** कृषि विभाग गुरुर में बीज ग्रामीण योजना अंतर्गत 50 प्रतिशत अनुदान पर सुगंधित धान बीज उपलब्ध है। क्षेत्र के किसानों के लिए शासन द्वारा यह बीज दी जा रही है। कृषि विभाग के वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी सीएल ठाकुर ने बताया कि शासन के निर्देशानुसार बीज ग्रामीण योजना अंतर्गत सुगंधित धान देवभोग एवं कोदो बीज उपलब्ध हैं। उन्होंने बताया कि कोदो बीज का मूल्य 72 रुपए किलो एवं धान बीज देवभोग 46 रुपए किलो है, जो 50 प्रतिशत अनुदान के तहत किसानों को प्रदान की जाएगी। उन्होंने कहा कि किसान अधिक जानकारी के लिए विभाग में आकर संपर्क कर सकते हैं।

### दल्लीराजहरा व गुंडरदेही आईटीआई में प्लेसमेंट कैंप 2 व 3 जुलाई को

**बालोद।** शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था दल्लीराजहरा में गुजरात की एक वाहन निर्माता कंपनी द्वारा विभिन्न पदों पर भर्ती के लिए प्लेसमेंट कैंप का आयोजन 2 जुलाई को सुबह 10 बजे किया जाएगा। औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था दल्लीराजहरा के प्राचार्य ने बताया कि प्लेसमेंट कैंप में 12वीं एवं आई.टी.आई. उत्तीर्ण होना अनिवार्य है तथा आवेदक की उम्र 18 से 32 साल के बीच होनी चाहिए। उन्होंने बताया कि महिला एवं पुरूष आवेदक अपने समस्त शैक्षणिक एवं तकनीकी तथा अन्य आवश्यक प्रमाण पत्र के साथ प्लेसमेंट कैंप में शामिल हो सकते है। इसी तरह शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था गुण्डरदेही में 3 जुलाई को सुबह 09 बजे विभिन्न पदों पर भर्ती के लिए प्लेसमेन्ट कैम्प का आयोजन किया जाएगा। औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था गुण्डरदेही के प्राचार्य ने बताया कि प्लेसमेंट कैंप में आर्टस, कॉमर्स एवं विज्ञान संकाय से बारहवीं पास, आई.टी.आई. पास होना चाहिए तथा आवेदक की उम्र 18 से 32 साल के बीच होनी चाहिए। उन्होंने बताया कि आवेदक अपने समस्त शैक्षणिक एवं तकनीकी तथा अन्य आवश्यक प्रमाण पत्र के साथ प्लेसमेंट कैंप में शामिल हो सकते है।

### गैगवार में थाने के पास चली गोली

**भिलाई।** शहर में गैंगवार रुकने का नाम नहीं ले रहा है। एक के बाद एक घटना लगातार हो रही है। मंगलवार-बुधवार की रात सेक्टर 6 पुलिस कंट्रोल के तीन सौ मीटर की दूरी पर स्थित ग्लोब चौक सेक्टर 7 में गोली चलाने का मामला सामने आया है। जिसमें पुलिस ने दो युवकों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के खिलाफ पुलिस ने धारा 307, आर्म्स एक्ट के तहत जुर्म दर्ज किया है।

# सहकारी केंद्रीय बैंक निपानी में सेंधमारी, सीसीटीवी कैमरे की चोरी

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बालोद

कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक की शाखा निपानी में सेंधमारी की घटना हुई है। अज्ञात चोर बैंक में चोरी करने की फिराक में था या फिर सिर्फ सीसीटीवी कैमरे को निकाल कर अपने साथ ले जाने आया था, इसका खुलासा चोर के पकड़े जाने के बाद ही स्पष्ट हो पाएगा।

■ कोतवाली थाने में लिखाई गई रिपोर्ट

मिली जानकारी के अनुसार ग्राम निपानी में स्थित जिला सहकारी केंद्रीय बैंक शाखा में 21 जून से 24 जून के बीच सेंधमारी हुई है। शाखा प्रबंधक खेमुराम देवांगन ने बताया कि 21 जून को शाम 6 बजे बैंक बंद करने के पश्चात सभी स्टाफ अपने-अपने घर चले गये थे। फिर 24 जून को कार्यलयीन समय 10.30 बजे बैंक खोला गया, उसके बाद मैं अपने केबिन में लगे मानीटर को देखा, तो बाहर का एक कैमरा बंद दिख रहा था। तब मैंने बाहर जाकर देखा तो बैंक के बाहर लगा कैमरा नहीं था, जिसे आस–पास ढूंढा, लेकिन वह कहीं नहीं मिला। कैमरा जिसकी कीमत 4896 रूपये को कोई अज्ञात व्यक्ति द्वारा चोरी कर ले गया है। शाखा प्रबंधक की रिपोर्ट पर कोतवाली पुलिस एफआईआर दर्ज कर जांच में जुट गई है।

# जिलास्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर, हुई चर्चा



**बालोद।** राज्य शासन के निर्देशानुसार प्रशासनिक अमले का आम जनता के बीच पहुँचकर उनके माँगों एवं समस्याओं के त्वरित निराकरण सुनिश्चित करने के लिए जिले के विभिन्न ग्रामों में जिला स्तरीय जन समस्या निवारण शिविरों का आयोजन शनिवार 06 जुलाई से प्रारंभ हो जाएगा।

इसी क्रम में कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल के निर्देशानुसार 06 जुलाई को गुण्डरदेही विकासखण्ड के ग्राम कुरदी में जिला स्तरीय जन समस्या निवारण शिविर का आयोजन किया गया है। एसडीएम सुरेश साहू ने जन समस्या निवारण शिविर के सफलतापूर्वक आयोजन हेतु जनपद पंचायत कार्यालय गुण्डरदेही में आज अनुभाग स्तरीय अधिकारियों की बैठक ली। उन्होंने अधिकारियों को ग्राम कुरदी के धान खरीदी केन्द्र में आयोजित इस शिविर के सफलतापूर्वक आयोजन के लिए सभी तैयारियाँ सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं।

# राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए सेजस डोंडी की टीम का चयन

हरिभूमि न्यूज ▸▸| डोंडी

राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए सेजस डोंडी की टीम चयनित संभाग स्तरीय सुब्रतो फुटबॉल बालिका अंडर-17 मरोदा फुटबॉल ग्राउंड भिलाई में 27 जून को आयोजित की गई थी। प्रतियोगिता का पहला मैच राजनांदगांव और बालोद के मध्य खेला गया।

प्रतियोगिता में सेजस डोंडी ने 6-0 जिसमें कोमेश्वरी 3, दीपिका 3 गोल मारकर टीम को जीत दिलाई। फ़ाइनल मैच दुर्ग के साथ 2-0 से जीता जिसमें दीपिका ने 2 गोल मारकर जीत दिलाने में अहम भूमिका निभाई। इस जीत के साथ सुब्रतो कप के राज्य स्तरीय मैच जगदलपुर में होने वाले प्रतियोगिता के लिए क्वालीफाई कर लिया है। इस प्रतियोगिता में सफलता प्राप्त करने के लिए बालिकाओं को दल प्रबंधक स्वप्न जेना,जिला क्रीड़ा अधिकारी मेहरा, प्राचार्य बीएस वद्दन, समस्त स्टाफ, शेखर पवार, कोच श्रवण साहू, मैनेजर गायत्री देवांगन ने विजयी छात्राओं को बधाइयाँ एव आने वाले प्रतियोगिता के लिए शुभकामनाएं दी हैं।



## बच्चों की टीम को डीईओ ने रेलवे स्टेशन दुर्ग से किया रवाना

### बिहार में आयोजित कार्यक्रम में होंगे शामिल

# सोरली विद्यालय के कब-बुलबुल नेशनल लेवल महोत्सव में होंगे शामिल, हुए रवाना

हरिभूमि न्यूज ▸▸| डौंडीलोहारा

नेशनल लेबल कब बुलबुल महोत्सव बिहार के लिए छत्तीसगढ़ राज्य के प्रतिनिधित्व करते बालोद जिला के 6 बुलबुल एवं बेमेतरा जिला से 6 कब बच्चे प्रभारी बसंती पिकेश्वर सहायक शिक्षक फ्लाक लीडर शासकीय प्राथमिक शाला सोरली एवं पोखन साहू के नेतृत्व में महोत्सव में शामिल होंगे।

यात्रा की मंगलमय कामना के लिए जिला शिक्षा अधिकारी पी सी मरकले एवं जिला सचिव के एल गजेंद्र विकासखंड शिक्षा अधिकारी हिमांशु मिश्रा के मार्गदर्शन में रेलवे स्टेशन दुर्ग से रवाना किया गया। ज्ञात हो कि विकासखंड डौंडीलोहारा स्काउटिंग के क्षेत्र में जिले के साथ-साथ राज्य में अलग ही स्थान है। जहां के स्काउट गाइड के साथ कब बुलबुल को पिछले कई नेशनल कार्यक्रम में भी राज्यों के प्रतिनिधित्व करने का अवसर प्रदान किया गया है। इस कार्यक्रम के लिए भी विकासखंड के ही सोरली विद्यालय का चयन हुआ है। कार्यक्रम और गतिविधियों के लिए सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी एके साहू ,संकुल समन्वयक टोमन मालेकर, प्रधान पाठक रेखा देवांगन, समिति अध्यक्ष बीरबल सोनी, वरिष्ठ स्काउटर बीआर साहू , वारुणी दिल्लीवार ,मिलन सिन्हा, परमानंद साहू, संयुक्त सचिव नोम साहू के साथ राज्यपाल पुरस्कृत प्रधान पाठक दयालूराम पिकेश्वर ने बधाई व शुभकामनाएं दी हैं।



### इन गतिविधियों में शामिल होंगे बच्चे

शिविर के दौरान बच्चे नेशनल लेबल बुलबुल अभिवादन, बड़ी सलामी, जंगल नृत्य, तारा की कहानी, सिक्स कॉर्नर ,बुलबुल ट्री, स्टोरी टेलिंग मॉडल मेकिंग, पेपर कटिंग, ड्राइंग पेंटिंग, ग्रुप सॉन्ग, ग्रुप डांस लाल फूल ,कलरव सहित अनेक गतिविधियों में शामिल होंगे।

# फिल्टर प्लांट का केबल जला

**भिलाई।** भिलाई नगर निगम के 66 एमएलडी फिल्टर प्लांट के बिजली सप्लाई केबल जल गया। हेवी मोटर के जरिए बड़ी पानी टंकियों को शाम पाली के पानी देने भरा जा रहा था तभी यह फॉट आ गया। जिसकी वजह से भिलाई और रिसाली निगम क्षेत्र के दर्जनभर बड़ी पानी टंकियों में पानी सप्लाई ही नहीं हो पाई। पानी टंकियों से दोनों निगम क्षेत्रों में बुधवार शाम नलों से पेयजल बाधित हो गया। लोगों को शाम पाली पानी ही नहीं मिला। भिलाई निगम के अंतर्गत नेहरु नगर, स्मृति नगर, खम्हरिया, जुनवानी, स्लाटर हाउस एवं फरीद नगर उच्चस्तरीय जलागार में पानी ही नहीं भरा जा सका। रिसाली क्षेत्र के रुआबांधा, नेवई, टंकी मरोदा एवं रिसाली उच्चस्तरीय जलागार में पानी नहीं दिया जा सकेगा ।


पाठक सूचना

बालोद जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

9425559113, 9425565082

दल्लीराजहरा - 9993246100

## खबर संक्षेप



### ई-वे बिल वापस लेने की मांग, व्यापारियों ने सौंपा ज्ञापन

**रायपुर।** ई-वे बिल वापस लेने और प्रताड़ना रोकने की मांग को लेकर व्यापारियों ने प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महामंत्री कन्हैया अग्रवाल के नेतृत्व में बुधवार को जीएसटी कमिश्नर रजत बंसल की अनुपस्थिति में सहायक कमिश्नर सुनील चौधरी को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में छोटे-छोटे ट्रांसपोर्टर, मालवाहक वाहन चालकों की परेशानी दूर करने रास्ते में वाहनों की जांच के नाम पर भयभीत किए जाने पर तत्काल रोक लगाने की मांग की गई। इस मौके पर श्री अग्रवाल ने राज्य में ई-वे बिल के प्रावधानों में दी गई छूट को समाप्त किए जाने का कड़ा प्रतिकार करते हुए कहा कि सरकार के इस निर्णय से अफसरशाही बढ़ेगी, व्यापारी परेशान होगा और भ्रष्टाचार का बोलबाला होगा। उन्होंने कहा कि सरकार व्यापारियों को प्रताड़ित करना तत्काल बंद करे। जीएसटी के नोटिस के माध्यम से जिस तरह से अधिकारी व्यापारियों को धमका रहे हैं उस पर तत्काल रोक लगनी चाहिए और जिले के अंदर पचास हजार से अधिक के प्रत्येक बिल पर लगने वाले ई वे बिल के कानून को सरकार तत्काल प्रभाव से वापस ले अन्यथा व्यापारी आंदोलन के लिए बाध्य होंगे। ज्ञापन देने वालों में संतोष बाघमार, राजेश केडिया, सुरेश बाफना, नितेश अग्रवाल, शरद गुप्ता, मनोज सोनकर, मनोज पाल, रवि शर्मा, देवेंद्र पवार और राजेश त्रिवेदी शामिल थे।

### मुख्यमंत्री जनदर्शन लगाए जाने का पिछड़ा वर्ग ने किया स्वागत

**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय द्वारा प्रत्येक गुरुवार को जनदर्शन लगाए जाने का छत्तीसगढ़ पिछड़ा वर्ग संगठन ने स्वागत किया है। यह कार्यक्रम मुख्यमंत्री निवास कार्यालय में सुबह 11 बजे से दोपहर 1 बजे तक आयोजित किया जाएगा। संगठन के प्रदेश अध्यक्ष सूरज निर्मलकर सहित अनेक पदाधिकारियों ने कहा कि सरकार के इस फैसले से आमजनता का सीधा संवाद मुख्यमंत्री से होगा, निश्चित रूप से सरकार की लोकप्रियता बढ़ेगी और जनता समस्या से मुक्त होंगे। संगठन ने मुख्यमंत्री से मांग की है कि ठंड के मौसम से पहले जनदर्शन का कार्यक्रम सुबह 10 बजे से हो, ठंड के मौसम आने के बाद भले ही 11 बजे कर दिया जाए। संगठन ने वित्त मंत्री ओपी चौधरी एवं अन्य मंत्रियों द्वारा जनदर्शन लगाए जाने का स्वागत किया है। स्वागत करने वालों में सोमनाथ साहू, उदय राम निषाद, रमेश देवांगन, सोहन दास मानिकपुरी, रमेश चक्रधारी, सुरेश नेताम, गोपाल वर्मा, विष्णु प्रसाद यादव, रामकुमार वर्मा, गोपाल सारथी, मुन्ना साहू, बैसाखू यादव, नरसिंह विश्वकर्मा, शारदा प्रसाद सोनकर, चंद्र भूषण कुशवाहा, संतराम कन्नौजे, राजेंद्र सिन्हा, भीम सिंहा आदि है।

### राहुल गांधी के नेता प्रतिपक्ष बनने से लोकतंत्र होगा मज़बूत

**रायपुर।** भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी को लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष बनाए जाने पर जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ (जे) के मुख्य प्रवक्ता भगवानू नायक ने कहा कि देश को 10 वर्षों बाद विपक्ष का नेता मिला है। एक मजबूत लोकतंत्र के लिए जितना जरूरी सत्ता पक्ष है उतना ही जरूरी विपक्ष भी है, क्योंकि विपक्ष सरकार को आईना दिखाता है। 2024 चुनावों का जनादेश भी मजबूत विपक्ष की महत्ता को दर्शाता है। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व वाली एनडीए सरकार इस कार्यकाल में पहली बार विपक्ष के नेता का सामना करेगी। उन्होंने कहा कि राहुल को संसदीय राजनीति में 20 वर्षों का अनुभव हो चुका है जिस दौरान वे पार्टी के विभिन्न पदों पर रहकर लोगों की आवाज़ उठाते रहे हैं।

# धीमी गति से निपटाए जा रहे राजस्व के प्रकरण, लोग हो रहे परेशान

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

आचार संहिता खत्म हुए 20 दिन बीत चुके हैं, लेकिन जिले के कलेक्टोरेट व तहसील कार्यालय में राजस्व संबंधी प्रकरणों को निपटाने की कार्यवाही पहले की तरह धीमी गति से ही चल रही है। इसके कारण जिलेभर में राजस्व संबंधी लंबित प्रकरणों का आंकड़ा अभी भी 9 हजार के करीब है। 20 दिन पहले यह आंकड़ा लगभग दस हजार के करीब था।

हरिभूमि सरोकार

इस तरह 20 दिन में मात्र लगभग एक हजार प्रकरण ही निपटाए गए हैं। इससे पता चलता है कि राजस्व प्रकरणों को निपटाने में विभागीय अधिकारी व तहसीलदार कितनी रुचि ले रहे हैं। इधर कलेक्टोरेट व तहसील कार्यालयों में धीमी गति से निपटाए जा रहे प्रकरणों को लेकर आम लोगों की परेशानी बढ़ गई है, जिसके कारण उन्हें बार-बार कार्यालयों के चक्कर काटने पड़ रहे हैं।

## कलेक्टोरेट व तहसील कार्यालय में 9 हजार प्रकरण पेंडिंग

### तहसील में हर रोज लग रही भीड़

तहसील कार्यालय में राजस्व संबंधी प्रकरणों से लेकर जाति, आय और मूल निवास बनाने के लिए हर दिन लोगों की भीड़ लग रही है। बुधवार को भी तहसील कार्यालय में खासी भीड़ रही। इस दौरान दतरेंगा गांव से आए दो युवकों ने नाम नहीं छापने की शर्त पर बताया कि उनकी जमीन का नक्शा बनाने में पटवारी से त्रुटि हो गई है, जिसे लेकर वह पिछले कई दिन से तहसील कार्यालय के चक्कर काट रहे हैं। इस दौरान एक युवक ने बताया कि उसने मूल निवास प्रमाणपत्र के लिए 15 दिन पहले आवेदन किया था, जिसकी पड़ताल करने पहुंचा है, लेकिन उन्हें दो दिन बाद आने के लिए कहा गया है।



### जाति, मूल निवास व आय प्रमाणपत्र के लिए भी चक्कर काट रहे युवा

तहसील कार्यालय में नामांतरण, बटांकन, सीमांकन, बटांकन, नक्शा-ऑनलाइन रिकार्ड में सुधार सहित अन्य राजस्व प्रकरणों को लेकर लोग तहसील कार्यालयों के चक्कर लगाकर परेशान हो रहे हैं, वहीं युवा वर्ग भी जाति, मूल निवास व आय प्रमाणपत्र बनवाने के लिए हर दिन तहसील कार्यालय पहुंच रहे हैं, जिन्हें एक निश्चित तारीख दी जाती है, लेकिन इस तारीख के बाद भी उन्हें कई दिनों तक कार्यालय के चक्कर काटने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है।

### 8877 प्रकरण न्यायालय में लंबित

जिले के राजस्व संबंधी 8877 प्रकरण न्यायालय में लंबित हैं। इन प्रकरणों में ऐसे कई प्रकरण हैं, जिनकी सुनवाई पिछले करीब तीन महीने से नहीं हो पाई है। आचार संहिता के कारण पहले इन प्रकरणों की सुनवाई नहीं हो पा रही थी और अब तहसीलदारों के कछुए गति से काम करने के कारण लंबित प्रकरणों पर सुनवाई नहीं हो पा रही है। लंबित प्रकरणों में कई प्रकरणों को 5 साल से ज्यादा हो चुके हैं, जिन्हें अब तक निपटाया नहीं गया है। हालांकि इन प्रकरणों को लेकर अधिकारियों का कहना है कि वे सभी विवादित हैं। इनमें किसी प्रकरण में कोई एक पक्ष नहीं आता है, तो किसी में दूसरा पक्ष। कुछ प्रकरण में तो दोनों पक्षों के लोग पेशी में नहीं आते हैं। इसके कारण प्रकरणों का निपटान नहीं हो पा रहा है।

## बैज के बयान पर श्रीवास्तव ने किया कटाक्ष

# ताकझांक के राजनीतिक मनोरोग ने छत्तीसगढ़ में कांग्रेस को रसातल में पहुंचा दिया

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश महामंत्री संजय श्रीवास्तव ने कहा, कांग्रेस के नेता विधानसभा के बाद लोकसभा चुनाव में हुई करारी हार पर आत्मचिंतन करने के बजाय आज भी दूसरों के आंगन में ताकझांक की आदत से बाज नहीं आ रहे हैं। रायपुर दक्षिण विधानसभा क्षेत्र में होने वाले उपचुनाव को लेकर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज के ताजा बयान पर कटाक्ष करते हुए उन्होंने कहा, इसी राजनीतिक मनोरोग ने छत्तीसगढ़ में कांग्रेस को रसातल में पहुंचा दिया है।

उन्होंने कहा, कांग्रेस के लोग बिना झूठ बोले और लोगों को बिना भ्रमित किए राजनीति करना ही नहीं जानते। प्रदेश की जनता अब कांग्रेस के राजनीतिक झूठ और झांसों में कतई नहीं आ रही है। राजनीतिक तोड़फोड़ जिस कांग्रेस का कलंकित इतिहास रहा है, उसको अब यह सहन नहीं हो रहा है। कांग्रेस में दिन-रात राजनीतिक धमाचौकड़ी और घमासान देखने के आदी हो चले उनके नेता भाजपा के अनुशासन और पार्टी नेतृत्व के राजनीतिक निर्णयों को विनम्रता से स्वीकार करने की राजनीतिक विशिष्टता से हैरान हैं।

### बैज खुद दूध से निकाल फेंकी गई मक्खी न बन जाएं

उन्होंने कहा, अपने पदाधिकारियों, जनप्रतिनिधियों को दूध से मक्खी की तरह निकाल फेंकना कांग्रेस की राजनीतिक विकृति होगी, भाजपा की नहीं। दीपक बैज अपनी कांग्रेस की राजनीतिक दरिद्रता जैसी बीमारी भाजपा में ढूंढ़ने में क्यों वक्त जाया कर रहे हैं, यह समझ से परे है। चुनाव में प्रत्याशी चयन से लेकर अन्य मामलों में पहले भी नाराजगी सामने आई थी। बैज पहले कांग्रेस के अंतर्संघर्ष को दूर कर लें, क्योंकि प्रदेश कांग्रेस कमेटी में फेरबदल की सुगबुगाहट का शोर सुनाई दे रहा है, कहीं बैज खुद दूध से निकाल फेंकी गई मक्खी न बन जाएं।





### बैज बोले- बृजमोहन को दूध में गिरी मक्खी की तरह बाहर कर दिया

कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज ने रायपुर में उपचुनाव की चर्चाओं को लेकर कहा, जल्द ही रायपुर दक्षिण में उप चुनाव होगा। हमें उसकी भी तैयारी करनी है। दावेदारों के आवेदन अभी से आ रहे हैं। कई नए दावेदार भी सामने आ रहे हैं। वहीं बृजमोहन अग्रवाल की नाराजगी से कांग्रेस को फायदा मिलने के सवाल पर बैज ने कहा, वह पार्टी के सीनियर नेता हैं। उनको दूध में गिरी मक्खी की तरह बीजेपी ने निकाल कर बाहर कर दिया है। बृजमोहन खुद नहीं चाहते थे विधायक और मंत्री पद से इस्तीफा दें, उन्होंने बेमन से इस्तीफा दिया। बीजेपी में इन दिनों सब कुछ ठीक नहीं चल रहा है। उसका फायदा जरूर ही कांग्रेस पार्टी को मिलेगा।

### दक्षिण उपचुनाव की तैयारी, दावेदारों के आवेदन आ रहे

कांग्रेस के दावेदारों को लेकर दीपक बैज ने कहा, हम सभी सीनियर नेताओं के साथ बैठेंगे और उनसे चर्चा करेंगे। अभी तक कुछ दावेदार ही आए हैं, अभी तो आवेदन आना बाकी है, जो मजबूत प्रत्याशी होंगे, उसे मैदान पर उतारेंगे। चुनाव की तैयारियों को लेकर जल्द ही हम कार्यकर्ताओं की बैठक भी रखेंगे। समीक्षा बैठक की तैयारी कर रहे हैं, उसके बाद कार्यकर्ताओं के साथ बैठक करेंगे। कांग्रेस में बदलाव की चर्चा को लेकर प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा, मोइली कमेटी के सदस्य वीरप्पा मोइली और हरीश चौधरी इसी महीने प्रदेश दौरे पर आ रहे हैं। उसके बाद ही पार्टी की रणनीति आगे बढ़ाएंगे। समीक्षा के लिए हम तैयारी कर रहे हैं।

## रविवि का नया रिकॉर्ड

# एमएससी गणित प्रथम वर्ष में 3% व अंतिम वर्ष में 6%उत्तीर्ण

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर



■ थम नहीं रहा खराब परीक्षा परिणामों का सिलसिला, बुधवार को घोषित हुए नतीजे

पं.रविशंकर शुक्ल विवि में इस बार खराब परीक्षा परिणाम का रिकॉर्ड बनाने होड़ मची हुई है। बुधवार को रविवि ने एमएससी मैथेमैटिक्स के प्रथम व अंतिम वर्ष के परीक्षा परिणामों की घोषणा की। दोनों ही कक्षाओं में उत्तीर्ण होने वाले छात्रों का प्रतिशत दहाई अंक तक भी नहीं पहुंच पाया है।

एमएससी प्रथम वर्ष में जहां सिर्फ 3.45 प्रतिशत छात्र ही सफल हो सके हैं तो वहीं अंतिम वर्ष में 5.56 प्रतिशत छात्रों ने सफलता हासिल की है। प्रथम वर्ष की परीक्षा में 116 छात्र शामिल हुए थे। इनमें से मात्र 4 ही उत्तीर्ण रहे। शेष 112 छात्र अनुत्तीर्ण रहे हैं। शामिल परीक्षार्थियों के अलावा 89 छात्र ऐसे रहे हैं, जिन्होंने परीक्षा में शामिल होने के लिए आवेदन तो किया, लेकिन परीक्षा नहीं दिलाई। अंतिम वर्ष के परिणाम प्रथम वर्ष की तुलना में थोड़े बेहतर रहे हैं। एमएससी अंतिम परीक्षा में 108 छात्र शामिल हुए। इनमें से सिर्फ 6 विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए। 102 छात्रों को अनुत्तीर्ण घोषित किया गया है। 34 छात्रों ने फॉर्म तो भरा, लेकिन परीक्षा दिलाने नहीं पहुंचे। रविवि ने दोनों कक्षाओं के नतीजे आधिकारिक वेबसाइट पर अपलोड कर दिए हैं, जहां छात्र अपने नतीजे देख सकते हैं।

### राजनीति विज्ञान में 55 प्रतिशत उत्तीर्ण

रविवि ने एमए राजनीति विज्ञान के परीक्षा परिणामों की भी घोषणा बुधवार को की। 2 हजार 312 छात्रों ने यह परीक्षा दिलाई थी। इनमें से 1,274 ही परीक्षा में उत्तीर्ण हो सके हैं। जबकि 1035 को अनुत्तीर्ण घोषित किया गया है। 3 छात्रों के परिणाम विभिन्न कारणों से रोके गए हैं। 205 विद्यार्थी परीक्षा में शामिल ही नहीं हुए। इस तरह परीक्षा परिणाम 55.1 प्रतिशत रहा है। शास्त्री विषय की परीक्षा में 49 छात्र शामिल हुए। इनमें से 15 उत्तीर्ण, 22 अनुत्तीर्ण व 10 पूरक श्रेणी में रहे हैं। दो छात्र के परिणाम रोके गए हैं तथा एक छात्र अनुपस्थित रहा। परिणाम 30.61 प्रतिशत रहे।

# कम नहीं होगा रेल यात्रियों का टेंशन, लंबी दूरी की 14 ट्रेनें कैंसिल

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

■ खड़गपुर रेल मंडल में 29 जून से 8 जुलाई तक ब्लाक

ट्रेनों में सफर करने वाले यात्रियों का टेंशन कम होने का नाम नहीं ले रहा है। लंबी दूरी की 14 ट्रेनें आने वाले दिनों में कैंसिल कर दी गई हैं। रेल प्रशासन द्वारा खड़गपुर रेल मंडल के सांकराईल-सांतरागाछी लिंक लाइन को आन्दुल स्टेशन से जोड़ने का कार्य ब्लॉक लेकर किया जाएगा। इसकी वजह से 29 जून से 8 जुलाई तक यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ेगा।

रेलवे क्षेत्र में विभिन्न निर्माण कार्य और सुविधा बढ़ाने के काम पूरे किए जा रहे हैं। इसकी वजह से यात्री ट्रेनें लगातार अपनी आवाजाही में पिछड़ रही हैं। एक बार फिर 29 जून से यात्रियों की समस्या बढ़ने वाली है, क्योंकि बड़ी संख्या में कई शहरों को जोड़ने वाली कई ट्रेनों का संचालन स्थगित करने का फैसला लिया गया है। जानकारी के अनुसार 4 से 6 जुलाई तक एलटीटी से रवाना होने वाली वाली शालीमार एक्सप्रेस और 6 से 8 जुलाई तक शालीमार से संचालित होने वाली एलटीटी एक्सप्रेस रद्द रहेगी। 4 से 6 जुलाई तक पुणे से हावड़ा जाने और 6 से 8 जुलाई तक हावड़ा से पुणे आने वाली आजाद हिंद एक्सप्रेस का संचालन नहीं होगा। 4 और 6 जुलाई को पोरबंदर से शालीमार के बीच आवाजाही करने वाली ट्रेन के पहिए थमे रहेंगे। उदयपुर से शालीमार के बीच संचालित होने वाली एक्सप्रेस भी 6 और 7 जुलाई को आवाजाही नहीं करेगी। गुजरात को पश्चिम बंगाल को जोड़ने वाली सांतरागाछी, पोरबंदर एक्सप्रेस



का संचालन 5 और 7 जुलाई को नहीं होगा। कामाख्या से एलटीटी जाने वाली एक्सप्रेस 6 जुलाई को नहीं चलेगी इसकी वजह से 9 जुलाई को इस ट्रेन की वापसी भी नहीं होगी। 6 और आठ जुलाई को शालीमार से एलटीटी के बीच एक्सप्रेस ट्रेन में सफर करने वाले यात्रियों को निराश होना पड़ेगा।

### ये चलेगी देर से

तीस जून को पुणे-हावड़ा आजाद हिंद आधे घंटे और एक जुलाई को हावड़ा-पुणे आजाद हिंद डेढ़ घंटे विलंब से संचालित होगी। 30 जून को ओखा-शालीमार आधा और एक जुलाई को एलटीटी-शालीमार डेढ़ घंटे विलंब से स्टेशन छोड़ेगी। 5 जुलाई को एलटीटी-शालीमार ढाई घंटे और एक जुलाई को हावड़ा-मुंबई दुरंतो एक्सप्रेस एक घंटे विलंब से गंतव्य के लिए रवाना होगी।

### मनमाड़ तक चलेगी शिर्डी एक्सप्रेस

पुणे रेल मंडल के पुनतांबा-कान्हेगांव सेक्शन में नॉन इंटरलोकिंग कार्य की वजह से कल हावड़ा से साईनगर जाने वाली शिर्डी एक्सप्रेस तथा 29 जून को वापस आने वाली एक्सप्रेस मनमाड़ स्टेशन से संचालित होगी। इस ट्रेन के यात्रियों को अपने सफर की शुरुआत मनमाड़ स्टेशन से करना होगा।

# निजात अभियान से अपराध पर लग रहा अंकुश, जिला अस्पताल के स्पर्श क्लीनिक में रोज छह से सात मरीज नशा छुड़ाने पहुंच रहे

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

अपराध की जड़ नशा है, राजधानी सहित जिले में गांजा तस्करों के बाद अन्य घातक किस्म के सूखा नशे का कारोबार करने वालों ने अपनी गहरी पैठ जमा ली है। इस बात को ध्यान में रखते हुए एसएसपी संतोष सिंह शहर के साथ जिला को प्रतिबंधित मादक पदार्थ तथा सूखा नशा से मुक्त कराने नशा का कारोबार करने वालों पर अंकुश लगाने निजात अभियान चला रहे हैं। पुलिस अफसर के मुताबिक अभियान के कारण अपराध के ग्राफ में गिरावट दर्ज की गई है। खासकर महिला संबंधित तथा चाकूबाजी की घटना में लगाम लगने का पुलिस अफसर ने दावा किया है।

खास खबर

एसएसपी के मुताबिक मादक पदार्थों का अवैध कारोबार करने वालों के खिलाफ लगातार अभियान चलाकर कार्रवाई की जा रही है। इसके साथ ही लोगों को मादक पदार्थों का अवैध कारोबार रोकने के साथ सेवन करने से बचाने जन जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। पुलिस के इस अभियान में सभी वर्गों द्वारा समर्थन मिलने का पुलिस अफसर ने दावा किया है। अफसर के मुताबिक मादक पदार्थों की अवैध खरीदी बिक्री पर अंकुश लगाने से महिला संबंधित अपराधों में कमी आई है। इसके साथ ही चाकूबाजी तथा हत्या की कोशिश करने के अपराध घटे हैं।

## पांच महीने में एनडीपीएस, आबकारी के साढ़े तीन हजार से ज्यादा प्रकरण दर्ज







### निजात अभियान निचली बस्तियों में

मादक पदार्थ के खिलाफ चलाए जा रहे निजात अभियान की सफलता को देखते हुए पुलिस अफसर के साथ कर्मी उत्साहित हैं। इसके चलते निजात अभियान कालोनी, सार्वजनिक स्थानों के साथ शैक्षणिक संस्थानों साथ अब निचली बस्ती पहुंच गया है। पुलिस अपने अभियान में महिलाओं को भी जोड़ने लगी है। महिलाओं को अपने अभियान में जोड़कर पुलिस उन्हें अपने आसपास के रहवासी जो नशे का आदी हैं, उन्हें नशा छोड़ने प्रेरित करने प्रोत्साहित कर रही है।

### इन गंभीर किस्म के अपराधों पर अंकुश लगने का दावा

पुलिस अफसर के मुताबिक नशे के खिलाफ चलाए जा रहे निजात अभियान के कारण चाकूबाजी की घटना में 32 प्रतिशत तथा हत्या की कोशिश 22 प्रतिशत, महिला संबंधित अपराध 23 प्रतिशत, चोरी तथा मारपीट की घटना में क्रमशः छह-छह प्रतिशत की कमी आई है। साथ ही पुलिस ने जनवरी से मई के बीच साढ़े छह हजार लीटर शराब जब्ती करने के साथ ही 11 सौ किलो गांजा, हेरोइन के साथ 15 हजार नशीला टेबलेट, एमडीएम जब्त किया है।

### नियमित छह से सात मरीज पहुंच रहे

जिला अस्पताल में संचालित स्पर्श क्लीनिक के डॉक्टर अविनाश मिश्रा के मुताबिक नशा छुड़ाने नियमित छह से सात मरीज उपचार कराने अस्पताल पहुंच रहे हैं। इनमें से ज्यादातर लोग शराब के आदी हैं। इसके अलावा गोली तथा गांजा का सेवन करने वाले मरीज भी उपचार कराने अस्पताल पहुंच रहे।

## ओम बिरला को दूसरी बार लोकसभा अध्यक्ष बनने पर दी बधाई

# साय बोले- जल्द होगा कैबिनेट का विस्तार, कांग्रेस अपना घर संभाले

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कैबिनेट में दो मंत्री पद खाली होने पर कहा, जल्द ही इसका विस्तार होगा। वहीं कांग्रेस के एक अनार सौ बीमार वाले बयान पर तंज कसते हुए कहा, उनके मुंह से यह सब कहना शोभा नहीं देता। अपने घर को संभाले, अपने घर में झांक कर देखे। आज कांग्रेस की क्या दुर्गति हो गई, यह सब जान रहे हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार सक्षम है। दिल्ली से लौटने के बाद एयरपोर्ट पर संवादाताओं से चर्चा में उन्होंने कहा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात हुई। मैंने उन्हें बताया कि किस तरह से राज्य सरकार छत्तीसगढ़ में 'मोदी की गारंटी' को पूरा करने के लिए काम कर रही है। साथ ही यह भी बताया कि हम कैसे नक्सलियों के




खिलाफ लड़ रहे हैं। मैंने प्रधानमंत्री को नियाद नेलानर से गांव वालों को मिलने वाली सुविधाओं के बारे में भी अवगत कराया। उन्होंने कहा, इसके अलावा मैंने प्रधानमंत्री को बताया कि विकसित छत्तीसग्रह पर विजन डॉक्यूमेंट तैयार हो रहा है। गृह मंत्री अमित शाह से भी मुलाक़ात हुई। उन्हें भी प्रदेश की स्थिति से अवगत कराया।

### लोकसभा अध्यक्ष पर परंपरा तोड़ रहा विपक्ष

मुख्यमंत्री साय ने लोकसभा अध्यक्ष के लिये एनडीए और इंडिया गठबंधन की ओर से दावेदारी पेश किए जाने पर कहा, आज़ादी के बाद लगातार लोकसभा अध्यक्ष निर्विरोध चुना गया है, लेकिन इस बार विपक्ष परंपरा को तोड़ने की बात कर रहा है। ओम बिरला लगातार दूसरी बार लोकसभा के अध्यक्ष चुने गए हैं। उन्होंने बिरला को बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि उनका पिछला पांच साल का कार्यकाल भी बहुत अच्छा रहा है। सदन की कार्यवाही सुचारू रूप से चली। अब उनको दोबारा मौका मिला है। उन्होंने कहा कि मुझे विश्वास है कि उनकी अध्यक्षता में लोकसभा अच्छे से चलेगी।

# मारपीट के साथ चेन लूटने की दर्ज कराई शिकायत

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

■ टिकरापारा थाना क्षेत्र में एक सप्ताह पूर्व की घटना

टिकरापारा थाना में एक युवक ने दो लड़कों के खिलाफ मारपीट करने के साथ एक लाख रुपए से ज्यादा कीमत की चेन लूटने की शिकायत दर्ज कराई है, लेकिन पुलिस ने युवक की शिकायत पर केवल मारपीट करने का मामला दर्ज किया है। चेन लूटने के संबंध में पुलिस ने मामले की जांच के बाद लूट की शिकायत दर्ज करने की बात कही।

पुलिस के अनुसार छत्तीसगढ़ नगर निवासी गौरव गवली की शिकायत पर दो लड़कों के खिलाफ अपराध दर्ज किया गया है। गौरव ने पुलिस को बताया कि पिछले सप्ताह 16 मई को वह पचपेड़ी नाका स्थित एक ढाबा में खाने का पार्सल लेने के लिए गया था। इस दौरान दो लड़के उसे घूर कर देख रहे थे। गौरव ने पुलिस को बताया कि घूर कर देखने की बात को लेकर उन दोनों लड़कों ने उसके साथ विवाद किया।

इसके बाद उसके कपड़े फाड़कर, मारपीट करते हुए गले में पहनी तीन तोले की सोने की चेन लूटकर ले गए। गौरव ने पुलिस को घटना का सीसीटीवी फूटेज भी उपलब्ध कराया है, फूटेज में गौरव के साथ मारपीट करने तथा कपड़ा फाड़े जाने का फूटेज आया है। साथ ही गौरव के साथ धक्का मुक्की तथा गला पकड़ने का फूटेज आया है।

**खबर संक्षेप**

## नेता प्रतिपक्ष राहुल जन सरोकारों के होंगे प्रहरी

**रायपुर।** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा, सांसद राहुल गांधी के नेता प्रतिपक्ष बनने से लोकतंत्र मजबूत हुआ। सरकार की मनमानी पर रोक लगेगी और सदन में गरीब जनता, किसान, युवा, सभी वर्गों की आवाज बुलंद होगी। संवैधानिक संस्थानों पर नियुक्ति में जो संघ समर्थित लोगों को मनमानी तरीके से बैठाया जाता था, वह अब नहीं होगा, संविधान सुरक्षित होगा। उन्होंने कहा, राहुल गांधी लगातार मोदी सरकार की मनमानी, तानाशाही नीतियां और जन विरोधी कानूनों के खिलाफ सदन से लेकर सड़क तक आवाज उठा रहे हैं। भारत जोड़ो यात्रा एवं भारत जोड़ो न्याय यात्रा में हजारों किलोमीटर से अधिक की यात्रा करके मोदी सरकार द्वारा उत्पन्न किए गए डर भय को खत्म किया है।

## उपमुख्यमंत्री व गृहमंत्री से की मुलाकात

**रायपुर।** दुर्ग सराफा संघ के अध्यक्ष एवं प्रदेश सराफा संघ के अध्यक्ष पद के प्रत्याशी प्रकाश सांखला ने बुधवार को उप मुख्यमंत्री एवं गृहमंत्री विजय शर्मा से सौजन्य भेट की। इस मुलाकात के दौरान श्री सांखला ने प्रदेश सराफा व्यापार से संबंधित कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर विस्तृत चर्चा की। उन्होंने उप मुख्यमंत्री एवं गृहमंत्री को सराफा संघ की विभिन्न योजनाओं के बारे में अवगत कराया, जिनमें व्यापारियों के लिए सुविधाओं में सुधार, सुरक्षा व्यवस्था की मजबूती, और डिजिटलाइजेशन के माध्यम से व्यापारिक प्रक्रियाओं को सुगम बनाने के विषय प्रमुख थे।

## चंगोराभाटा भवन में लगाया कपड़ों का मेला

**रायपुर।** जेसीआई रायपुर रॉयल कैपिटल ने श्रीकृष्णा कोचिंग द्वारा प्रयोजित 'वस्त्र-कपड़ों का मेला' नाम से एक मेगा मेले का आयोजन किया। 2500 से अधिक कपड़ों का मेला चंगोराभाटा स्थित सांस्कृतिक भवन में बुधवार को लगाया गया। जेसीआई कैपिटल के अध्यक्ष जेसी रितिक अग्रवाल ने बताया कि कपड़ों का मेला में लगभग 1500 से अधिक नागरिकों ने भाग लिया, जिसका उद्देश्य वंचितों को कपड़ा उपलब्ध कराना था, जिसकी रेंज 10 रुपए से शुरू हुई, इससे जुटाई गई राशि का उपयोग शहर में पौधे लगाने में किया जाएगा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि मीनल छगन चौबे एवं जेएफआर पीपीपी राजेश अग्रवाल के अलावा जेसी आदित्य अग्रवाल, विक्की चंदानी, अमन अग्रवाल, फाल्गुनी पारेख, धारा विरानी की टीम शामिल थे।

पेज 11 का शेष

## गांव की जमीन पर ...

शासन से अनुमति मिलने का अंदेशा लगा रहे थे। ग्रामीणों का कहना है कि उक्त सड़क मार्ग निर्माण के दौरान सड़क निर्माण के लिए निजी कृषि भूमि के अधिग्रहण में मुआवजा की राशि कृषकों को दी गई। वहीं, एजेंसी द्वारा भवन निर्माण ग्राम पंचायत की शासकीय भूमि पर किया जाना अनुचित है। ग्रामीणों ने कहा कि डोंडी विकासखंड अनुसूचित क्षेत्र है, जहां पेसा कानून लागू है। यहां ग्राम पंचायत व ग्रामसभा को अनेक अधिकार दिए गए हैं, किंतु सड़क निर्माण एजेंसी द्वारा अनुसूचित क्षेत्र की ग्राम पंचायत को मिले अधिकारों का हनन कर दबंगता पूर्वक ग्राम पंचायत के अधिकार की जमीन पर भवन का अवैध निर्माण किया जा रहा है। ग्रामीणों ने शासन प्रशासन से पंचायत की जमीन पर भवन निर्माण पर तत्काल रोक लगाकर उचित कार्रवाई कर भवन को ग्राम पंचायत के सुपुर्द किए जाने की मांग की है। ऐसा नहीं किए जाने पर सड़क की लड़ाई लड़ने की चेतावनी दी है।

# झमाझम बारिश के बाद भी गर्मी और उमस मौसमी बीमारी से अस्पताल पहुंच रहे लोग



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

जिले में कभी झमाझम बारिश तो कभी तेज धूप के साथ उमस भरी गर्मी से लोगों का हाल बेहाल है, जिसके कारण लोग मानसून लगने के बाद और झमाझम बारिश होने के बाद भी एसी और कूलर का सहारा लेने मजबूर हैं। रोजाना बदलते मौसम की वजह से लोगों के स्वास्थ्य में भी काफी प्रभाव पड़ रहा है। जिसके कारण अस्पतालों में मौसमी बीमारियों की शिकायत लेकर लोगों की भीड़ काफी बढ़ गई है।

बुधवार को सुबह से दोपहर तक तेज धूप से और उमस भरी गर्मी से लोग काफी परेशान नजर आए, जबकि शाम होते ही करीब 5 बजे से झमाझम बारिश हुई। जिला मुख्यालय में हल्की बारिश हुई, लेकिन ग्रामीण क्षेत्रों में अच्छी बारिश हुई। बुधवार को जिले में औसतन 19.1 मिमी वर्षा हुई है। मानसून लगने के बाद भी गर्मी पड़ने से लोगों मौसम के फेरबदल को समझ नहीं पा रहे हैं। लोगों को अच्छी बारिश का इंतजार है, क्योंकि उमस भरी गर्मी की विदाई होने के बाद ही लोगों को राहत मिलेगी।

- अंचल के अस्पतालों में बढ़ने लगे मरीज

गुरुवार को भी दोपहर तेज धूप के बाद उमस भरी गर्मी का लोगों ने सामना किया, जिसके बाद मौसम ने अचानक करवट बदली और झमाझम बारिश हुई। शाम करीब 5:30 बजे से जिला मुख्यालय सहित ग्रामीण क्षेत्रों में भी अच्छी बारिश हुई।

**प्रशिक्षण**

### सेजस जामगाँव आर में लगा 4 दिवसीय तृतीय प्रशिक्षण शिविर

# भाषा व गणित में दक्षता के लिए शिक्षकों को प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जामगांव आर

सेजस जामगाँव आर में तृतीय प्रशिक्षण शिविर 24 जून से 27 जून तक आयोजित किया गया। इस प्रशिक्षण में मास्टर ट्रेनर आरके साहू और टिकेश्वर गजपाल ने सर्वप्रथम एनईपी 2020, निपुण भारत, एनसीएफ एफएस पर चर्चा करते हुए एफएलएन के अंतर्गत भाषा शिक्षण एवं गणित शिक्षण के चार ब्लॉक मॉडल, पढ़ाने के रणनीति समग्र शिक्षा से प्राप्त शिक्षक संदर्शिका, अभ्यास पुस्तिका एवं पाठ्य पुस्तक पर समझ, स्कूल रेडनेस, नवा जतन, पुस्तकालय, जादुई पिटारा एवं जादुई पिटारा, बहुभाषा शिक्षण, मल्टी ग्रेड टीचिंग पर विस्तार से चर्चा की गई।

संयुक्त संचालक ठाकुर का सेजस जामगांव आर के एफएलएन प्रशिक्षण कार्यक्रम में पहुंचे। संयुक्त संचालक ठाकुर का सेजस जामगांव आर के एफएलएन



प्रशिक्षण कार्यक्रम में सभी शिक्षकों को विद्यालय में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए प्रेरित किया गया। बीआरसीसी पाटन खिलावन चोपड़िया तीनो बैच के प्रशिक्षण में उपस्थित होकर एफएलएन को अपने विद्यालय में बच्चों तक इम्प्लीमेंट करने पर विस्तार से जानकारी प्रदान की। प्रशिक्षण के दौरान बलराम वर्मा, नीलम गोस्वामी, टिकेश्वर चंद्राकर, छन्नू लाल साहू, उमाशंकर कश्यप, पूनम साहू, दुलेश्वर प्रसाद टंडन, हिरेन्द्र कुमार धुरव, महेन्द्र कुमार मनहरे, दामिनी पैकरा, चंद्रिका ठाकुर, झम्मन लाल सोनवानी, चन्द्र कुमार सोनी, ममता चन्द्राकर, देवेन्द्र कुमार चन्द्राकर, राधा सूर्यवंशी, सत्यभामा, चेलाराम यादव, नेहा कुमार ठाकुर, सत्येन्द्र प्रसाद, भगत, कमलेश कुमार यादव, टामन सिंह ठाकुर, मोहनी, ममता ठाकुर, छन्नू लाल सूर्यवंशी, सूरज कुमार देवागन, बसंत कुमार सोनवानी, महेन्द्र कुमार भाण्डेकर, रंजिता डहरिया, शाशिकला वर्मा, भोजराम चतुर्वेदानी, योगेन्द्र कुमार ठाकुर, जितेन्द्रकुमार चन्द्राकर, केशव वर्मा, इन्दू सिह, पदुमन लाल ठाकुर, मनोज कुमार साहू उपस्थित थे।

### 17 संकुलों के शिक्षक हुए शामिल

एसआर कुलेश्वर साहू ने भी एफएलएन पर विस्तार से सभी को एफएलएन के संबंध में जानकारी प्रदान कर सभी से फीड बैक लिया। एफएलएन के लक्ष्यों को पूर्ण करने को दिशा में सभी शिक्षकों में नई ऊर्जा का संचार किया। प्रशिक्षण में 17 संकुल से सभी शिक्षकों ने भाग लिया।

# जिला मुख्यालय के पास हो स्पोर्ट्स काम्प्लेक्स का निर्माण



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारियों ने जिलाधीश इंद्रजीत सिंह चंद्रवाल को एक मांग पत्र सौंपते हुए स्पोर्ट्स काम्प्लेक्स का निर्माण जिला मुख्यालय के विकासखंड बालोद में सर्वसुविधा को ध्यान में रखकर भूमि चयन करने की मांग की है।

- भाजपा के पदाधिकारियों ने कलेक्टर से मुलाकात कर किया आग्रह

इस संबंध में पार्षद कमलेश सोनी एवं शहर मंडल अध्यक्ष सुरेश निर्मलकर ने बताया कि संचनालय खेल एवं युवा कल्याण विभाग रायपुर द्वारा खेल अधोसंरचना को बढ़ाने की दिशा में स्पोर्ट्स काम्प्लेक्स के निर्माण हेतु भूमि चयन नक्शा खसरा एवं ड्राइंग डिजाइन तैयार करने कहा है, जिसमे बालोद जिला मुख्यालय के समीप इसका निर्माण होने से जिले के सभी विकासखंड के खिलाड़ियों को आने जाने रुकने ठहरने जैसे अनेक सुविधा मिलेगी। जिला भाजपा मंत्री अमित चोपड़ा ने बताया कि खेल एवं युवा कल्याण मंत्री टंकराम वर्मा के बालोद आगमन एवं रायपुर में उनके निवास में जाकर भाजपा के कार्यकर्ताओं के निवेदन पर स्पोर्ट्स काम्प्लेक्स बनाकर जिले के खिलाड़ियों को सुविधा देने की मांग पूर्व में की गयी थी, जिसके फलस्वरूप यह कॉम्पलेक्स निर्माण हेतु भूमि चयन प्रस्ताव जिला प्रशासन से मांगा गया है, जिसके संदर्भ में बालोद जिला मुख्यालय के विकासखंड में इसके निर्माण करने संबन्धी मांग पत्र सौंपा गया है, मांग पत्र देने वालो में भाजपा शहर मंडल महामंत्री नरेंद्र सोनवानी, रविप्रकाश पांडेय, पूर्व एल्डरमेन विनोद जैन, महेश पाठक, अजय बाफना उपस्थित थे।

## घर घुसकर नाबालिग से मारपीट, मामला दर्ज

**बालोद।** बारहवीं पास छात्रा को घर में घुसकर गालीगलौज करने और मारपीट करने के आरोप में देवरी पुलिस ने युवक के खिलाफ मामला दर्ज किया है। नाबालिग पीड़िता ने बताया कि वह अपनी सहेली के घर सुबह करीब 9.45 बजे गई थी। इस दौरान गांव का ही रितिक निषाद पिता पुनीत निषाद उम्र 23 वर्ष सहेली के घर के बाहर खड़ा था। वह जैसे ही अपने सहेली के घर गई तो रितिक निषाद अंदर आया और मुझसे क्यों बात नहीं करती है कहकर गालीगलौज करते हुए मारपीट करने लगा। इस दौरान सहेली ने बीच बचाव किया और दादी को बुलाकर लाई। तब दादी ने रितिक को समझाने का प्रयास किया, तो वह दादी से भी गालीगलौज करने लगा। इस दौरान पड़ोस में रहने वाले भाई को फोन कर बुलाया, जिसने आरोपी को समझाने का प्रयास किया, लेकिन वह उनसे भी गाली गलौज करने लगा। घटना के बाद पीड़िता अपनी दादी के साथ घर आ गई। उसके बाद रितिक निषाद पीड़िता के घर की बाउंड्रीवाल फांदकर फिर घर के अंदर आ गया, लेकिन वह बिना कुछ कहे वापस चला गया। पीड़िता ने बताया कि रितिक निषाद के साथ पहले बातचीत दोस्ती थी, लेकिन लगभग 5 माह से मैं उससे बात नहीं कर रही हूं।

# शिक्षकों व विद्यार्थियों ने निकाली नशामुक्ति रैली




**डौंडीलोहारा।** 26 जून को अन्तर्राष्ट्रीय नशा निषेध दिवस के अवसर पर संस्था में संचालित जुनियर रेडक्रास सोसायटी के तत्वावधान में स्कूली बच्चों व शाला परिवार द्वारा नशा मुक्त जागरूकता रैली निकाली गई। इसके साथ ही चित्रकला, स्लोगन व निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। बच्चों ने जागरूकता रैली गांव के विभिन्न चौक चौराहों से होकर गली भ्रमण कर लोगों को नशा न करने को लेकर जागरूक किया गया। इस अवसर पर संस्था की प्राचार्य डीएन यादव ने कहा कि आज की युवा पीढी लगातार नशे से ग्रस्त होती जा रही है ऐसे में इस मानसिक बीमारी को जड़ से खत्म करने के लिए सभी को जागरूक करने की जरूरत है। इस अवसर पर चित्रकला में ग्रेसी पटेल प्रथम, रीतिमा द्वितीय, निबंध में भूमिका नेताम प्रथम ,काजल साहू द्वितीय, स्लोगन प्रतियोगिता में उज्जवल पटेल प्रथम और जागृति देवांगन ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया । उक्त कार्यक्रम में आर एन राणा ,आर एल भोसले ,एस के देशलहरे ,सी एल जांगडे ,जे एल बढई , शंकर दयाल बघेल , टिकेश कोठारी ,आर ठाकुर , पद्मा चन्द्राकर, के टांडिया , एन कोमिया ,व्ही आर देवांगन ,व्ही एल ठाकुर , प्रीति भीमटे,निधि नंद,छविता रात्रे, गरिमा खोब्रागडे ,भेदमती तारम और कुमारी बाई का सहयोग रहा ।

- सेजस विद्यालय दुधली में मनाया गया अन्तर्राष्ट्रीय नशा मुक्ति दिवस

### लोगों को नशे से दूर रखना जरूरी

कार्यक्रम में रेडक्रास काउंसलर वीर सिंह ठाकुर ने अन्तर्राष्ट्रीय नशा निषेध दिवस मनाये जाने का कारण बताया। उन्होंने कि साल 1987 में 7 दिसम्बर को संयुक्त राष्ट्र महासभा ने एक प्रस्ताव पारित किया गया था जिसमें नशीली दवाओं के गैरकानूनी उपयोग और अवैध तस्करी को रोकने के लिए यह दिवस मनाने की बात कही । नशा मुक्ति दिवस 26 जून 1989 में पहली बार मनाया गया तब से यह दिवस प्रति वर्ष 26 जून को मनाया जाता है । इस दिवस का मुख्य उद्देश्य लोगों को नशीली दवाओं से दूर रखना और नशीली दवाओं की तस्करी पर रोक लगाना है।

# गौशाला के लिए भूमि प्रदान की मांग



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

नगर पंचायत डौण्डी में आवारा पशु की रोजाना दुर्घटना से संरक्षण व गौशाला प्रदाय करने की मांग को लेकर मौर्य मंडल गौ सेवा समिति द्वारा कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा गया। नगर पंचायत डौण्डी में लगभग 5, 6 वर्षों से आवारा पशु रोज घूम रहे हैं। इसके कारण मुख्य मार्ग से चलने वाली माइंस व सार्वजनिक वाहन से रोज आए दिन दुर्घटनाग्रस्त हो रहे हैं।

इसके कारण आवारा पशु घायल व मृत हो रहे हैं, जिसकी जानकारी मौर्य मंडल गौ सेवा समिति द्वारा स्थानीय नगर पंचायत डौण्डी, थाना डौण्डी व गौ शाला संस्थाओं को लिखित व मौखिक रूप से दी जा चुकी है। परन्तु अभी तक किसी भी प्रशासनिक व्यवस्था व गौ शालाओं से कोई सहायता प्राप्त नहीं हुई। इस कार्य के लिए सरकार गौ शाला व गौठान की व्यवस्था करती है, डौण्डी नगर के स्थानीय निवासी नवयुवको द्वारा चलाई जा ही मौर्य मंडल गौ सेवा समिति द्वारा घायल आवारा पशुओं का इलाज देख–भाल और मृत पशुओं को दफनाने व स्थानीय प्रशासन व्यवस्था को बार–बार इस घटना के बारे में अवगत करा रहे हैं।

समिति के सदस्यों ने बताया कि मौर्य मंडल के पास धन व व्यवस्था की कमी के कारण पशु को नियमित रूप से उनका संरक्षण करने में असमर्थ हैं। इसके लिए मौर्य मण्डल समिति को इन आवारा पशुओं की सेवा के लिए गौशाला की आवश्यकता है। प्रशासन से आग्रह किया गया है गौवंश को बचाने के लिए जल्द से जल्द उचित व्यवस्था की जाए व मौर्य मण्डल समिति को सहयोग प्रदान करे।

# आमटी ने जीती रात्रिकालीन क्रिकेट प्रतियोगिता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

दुर्ग जिले के ग्राम आमटी में रात्रिकालीन टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया । प्रतियोगिता में 7 जिलों की लगभग 64 से अधिक टीमों ने हिस्सा लिया। प्रतियोगिता का फाइनल बालोद जिले के ग्राम रनचिरई और दुर्ग जिले से जुरासिक क्रिकेट क्लब ग्राम आमटी के बीच खेला गया। मैच में ग्राम आमटी ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करते हुए विपक्षी टीम को 6 ओवर में मात्र 33 रनों पर ऑल आउट कर दिया। वहीं, केवल 4 ओवर में 1 विकेट खोकर लक्ष्य पार कर आसानी से यह मैच 9



विकेट से जीत लिया। आमटी की विजेता टीम को प्रथम पुरस्कार के रूप में 15000 हजार रूपए नकद तथा विनर कप कप्तान कुलदीप चौधरी को प्रदान किया गया। वहीं, उपविजेता टीम रनचिरई के कप्तान को 8000 रुपये नकद राशि और विनर कप प्रदान किया गया। इसके अलावा तृतीय पुरस्कार 5000 रूपये ग्राम कोटरा तथा चतुर्थ पुरस्कार 3000 रूपये ग्राम सिकोसा की टीम को प्रदान किया गया।

### मैन आफ द मैच व सीरीज का खिताब जयंत पटेल को

फ़ाइनल मैच के मैन आफ द मैच ग्राम आमटी की तरफ से जयंत पटेल रहे, जिन्होंने फाइनल मैच में काफी रन बनाने के साथ ही विकेट लिया। वहीं, पूरी प्रतियोगिता के दौरान किए गए श्रेष्ठ प्रदर्शन के आधार पर मैन आफ द सीरीज का खिताब ग्राम आमटी से जयंत पटेल को ही दिया गया। वहीं, बेस्ट बैटसमैन डब्बू सिकोसा, बेस्ट गेंदबाज राहुल रनचिरई, बेस्ट कैच दुष्यन्त कोपारा, बेस्ट विकेट कीपर सोहन आमटी को प्रदान किया गया। मैच अम्पायर डॉ एनके साहू, राजेन्द्र साहू थे। रेवा राम पटेल ने कहा कि प्रतियोगिता के आयोजन से क्रिकेट खिलाड़ियों को अपना खेल प्रदर्शित करने का मौका मिला। वहीं, ग्राम के वरिष्ठ नागरिक जनक निषाद, मानसिंह पटेल सुमरन साहू ने कहा कि खेलों से हमारा शरीर व मन स्वस्थ रहता है। कार्यक्रम का संचालन खिलेंद्र यादव व आभार प्रदर्शन विशाल राजपूत ने किया। कार्यक्रम में रेवाराम पटेल, जनक निषाद, डॉ एनके साहू, मानसिंह पटेल, दूजे, सुमरन साहू, केवल साहू, रुषतम, प्रेम,राजू साहू,सोनू,कुणाल,सुनील, पारस, लोकेन्द्र, मुकेश सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।




# एमपी के सीएम मोहन यादव व बालोद के भाजपा नेता राकेश की तस्वीर चर्चा में

**बालोद।** संघ के क्षेत्रीय प्रचारक विद्यार्थी परिषद् के पूर्व नेता स्व शालिग राम तोमर की पुण्य स्मृति में मानस प्रतिष्ठान भोपाल में 23 जून को आयोजित कार्यक्रम में मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव के आतिथ्य में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उक्त कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ के उप मुख्यमंत्री अरूण साव के साथ पूर्व में कार्य किए अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के बालोद से पुराने कार्यकर्ता यशवंत जैन, राकेश यादव, चेमन देशमुख, नंदकुमार ओझा भी शामिल हुए।



छत्तीसगढ़ में मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के सोशल मिडिया पोस्ट की चर्चा जोरो पर है। दरअसल सीएम मोहन ने अपने पोस्ट में बालोद के बीजेपी नेता राकेश यादव से भेंट करने के दौरान की तस्वीर को सोशल मीडिया में साझा की है, जो चर्चा का विषय बना हुआ है। इस दौरान मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव तथा बालोद के पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष राकेश यादव से पुराने समय की छात्र संघ की राजनीति के बारे में चर्चा की। उस समय की तस्वीर देखकर सीएम मोहन यादव बेहद खुश नजर आए। भोपाल में संघ के क्षेत्रीय प्रचारक और विद्यार्थी परिषद् के पूर्व नेता स्वर्गीय शालिग राम तोमर की स्मृति में कार्यक्रम में राकेश यादव ने सीएम मोहन यादव को एक तस्वीर भेंट की। तस्वीर तब की है जब छत्तीसगढ़ और मध्यप्रदेश एक संयुक्त राज्य हुआ करता था।



## खबर संक्षेप

### मोटर पंप चोरी मामले में तीन गिरफ्तार

**भिलाई।** मोटर पंप चोरी मामले में पुलिस ने तीन युवकों को गिरफ्तार किया है। युवकों के खिलाफ पुलिस ने जुर्म दर्ज किया है। युवको से पुलिस ने पंप व जला केबल जब्त किया है। एएसपी सुखनंदन राठौर ने बताया कि लवकुश नगर वार्ड 13 जामुल निवासी रमाकांत भारती ने शिकायत किया है कि 23 जून को पीएम आवास, कृष्णा इंजीनियरिंग कॉलेज के बाजू में खम्हरिया स्मृति नगर से अज्ञात चोर पंप ,केबल 200 मीटर चोरी कर फरार हो गया। पुलिस ने आरोपियों की तलाश में जुटी रही। सूचना मिलने पर संदेही ग्राम खपरी साहू पारा चौकी जेवरा सिरसा मानस साहू ,खम्हरिया भाठा चिखली रोड चौकी प्रमोद निषाद, ग्राम खपरी त्रिलोक विश्वकर्मा को पकड़ा गया। पूछताछ करने पर चोरी करना स्वीकार किया।

### युवक पर प्राणघातक हमला

**भिलाई।** पुरानी रंजिश को लेकर तीन युवकों ने मिलकर चाकू से प्राणघातक हमला करने का मामला सामने आया है। शिकायत पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धारा 307, 34 के तहत जुर्म दर्ज किया है। जामुल पुलिस ने बताया कि मकान नंबर 53 बत्तीस एकड़ हाऊसिंग बोर्ड निवासी बाबी सोनी नारायण स्टील कंपनी फौजी नगर में काम करता है। घासीदास नगर निवासी मुकेश यादव शिकायतकर्ता का दोस्त है। 24 जून को मुकेश का सोहेल खान उर्फ खलनायक, यश पाण्डेय उर्फ मशान, जानसन के साथ विवाद हो गया। दूसरे दिन 25 जून की रात घासीदास नगर मैदान के पास दोस्त रंजीत यादव, कृष्णा चौधरी, मुकेश यादव साथ शिकायतकर्ता खड़ा था। इस दौरान आरोपी सोहेल खान उर्फ खलनायक, यश पाण्डेय उर्फ मशान,जानसन तीनो चाकू लेकर पहुचे। गाली गलौज कर मुकेश यादव पर चाकू से जान से मारने की नियत से हमला कर दिया। मुकेश यादव के पेट, बांये पैर, पीठ में चोंट आई है। दोस्त रंजीत, कृष्णा बीच-बचाव किया गया। घायल अवस्था में मुकेश को अस्पताल उपचार के लिए भेजा गया।

### दादी-पोती हत्याकांड में अब नार्को टेस्ट

**भिलाई।** गनियारी हत्याकांड को तीन माह बीत गए लेकिन आरोपियों को पुलिस नहीं पहुच पाई है। आरोपियों तक पहुचने पुलिस ने नार्को टेस्ट कराने की तैयारी में जुट गई है। इसके लिए पुलिस ने कोर्ट से अनुमति भी ले ली है। जल्द ही पुलिस टेस्ट कराएगी। मिली जानकारी के मुताबिक 62 वर्षीय राजबती और 17 वर्षीय सविता साहू हत्याकांड में पुलिस आरोपियों तक पहुचने के लिए नार्को टेस्ट कराएगी। खुडमुडा हत्याकांड के बाद दूसरी बार जिले में नार्को टेस्ट किया जाएगा। पुलिस के पास राजबती, सविता के हत्या मामले में पुलिस के पास संदिग्धों की लंबी लिस्ट है। पूछताछ में भी कोई खास सुराग पुलिस के हाथ नहीं लग पाया है। अब इनका नार्को टेस्ट से आरोपी तक पहुचने में पुलिस आगे बढ़ रही है। यह टेस्ट जुलाई में किया जाना है। जिसकी पूरी तैयारी पुलिस ने कर लिया है। पुलिस आरोपियों के करीब पहुच चुकी है लेकिन उनके खिलाफ सुराग नहीं मिलने से पुलिस के हाथ खाली है। एसपी जितेन्द्र शुक्ला ने बताया कि टीम सभी संदेहियों का लिस्ट तैयार कर इस टेस्ट को कराएगी।

## प्रवेश उत्सव : गर्मी के छुट्टियों के बाद खुले स्कूल, लौटी रौनक

# भंवरमरा स्कूल में मना प्रवेश उत्सव व नशा निषेध दिवस

हरिभूमि न्यूज ▸▸ डौंडीलोहारा

वनांचल के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भंवरमरा में प्रवेश उत्सव और अंतरराष्ट्रीय नशा निषेध दिवस मनाया गया। सर्व प्रथम नव प्रवेशी एवं अतिथियों का गुलाल लगाकर सम्मान किया गया। उसके बाद जानकी एवं साथियों द्वारा स्वागत गीत गाकर नवप्रवेशी का स्वागत किया गया। मुख्यअतिथि भाजपा मंडल महामंत्री दारा सिंह भौसार्य ने नव प्रवेशी बच्चों एवं उपस्थित अतिथियों और शाला के समस्त शिक्षक भाई बहनों को नशा निषेध के संबंध में जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि नशा नाश की जड़ है। नशा करने से स्वयं का तो नुकसान होता ही है पर इसका असर पूरे परिवार, समाज, और देश पर भी होता है इसलिए नशा ना करना मान लो कहना, सुन लो भाई बहना होगी बड़ी खराबी। उन्होंने नव प्रवेशी बच्चों को मन लगाकर पढ़ने के लिए प्रेरित किया। इसी तरह डोमार साहू ने भी संबोधित किया। बी आर देवांगन ने भी नशा से नुकसान के संबंध में जानकारी दी। अंत में प्राचार्य श्री मेश्राम ने सभी नव प्रवेशी बच्चों एवं उपस्थित अतिथियों आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि हमारा यह विद्यालय नशा मुक्त है। यहां पर नशा करना प्रतिबंधित है।







### विद्यालय परिसर में किया गया पौधारोपण

कार्यक्रम के अंत में विद्यालय परिसर में 4 फलदार पौधों का रोपण किया गया। इसके साथ ही नशा निषेध दिवस पर रैली निकालकर लोगों को नशा नहीं करने के लिए जागरूक किया गया। इस अवसर पर डोमार साहू, चूरामन साहू, उदेराम, लतखोर राणा, और शाला के समस्त शिक्षक भाई बहन की उपस्थिति रही। कार्यक्रम का संचालन श्री मेरिया ने किया।

## कोलिहापुरी स्कूल में मनाया गया प्रवेशोत्सव



**अंडा।** पूर्व माध्यमिक शाला कोलिहापुरी संकुल पुलगांव दुर्ग में शाला प्रवेशोत्सव जनप्रतिनिधियों, पालकों, एसएमसी अध्यक्ष, एसएमसी सदस्यों सीएससी मैडम नीलू महिकवार प्रभारी प्रधान पाठक सुनीति दुबे एवं समस्त स्टाफ की उपस्थिति में धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर नव प्रवेशी बच्चों को तिलक लगाकर व मिठाई खिलाकर स्वागत किया गया। उसके बाद शिक्षिका अनीता वर्मा ने बच्चों को प्रेरणा गीत द्वारा स्वागत किया। तत्पश्चात मुख्यमंत्री व शिक्षा मंत्री के संदेश का वाचन एसएमसी अध्यक्ष ने किया। प्रधान पाठक सुनीति दुबे ने पालकों को बच्चों को नियमित रूप से शाला भेजने के लिए प्रेरित किया। लक्ष्मी देवांगन, योगिता शर्मा और आरती चंद्राकर ने भी बच्चों का स्वागत पुष्प गुच्छ के साथ किया।

## शासकीय प्राथमिक शाला बोरीद में मना प्रवेश उत्सव

**कुसुमकसा।** शासकीय प्राथमिक शाला बोरीद में शाला प्रवेश उत्सव का कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में नव प्रवेशी बच्चों को गुलाल लगाकर व मिठाई खिलाकर स्वागत किया गया। नव प्रवेशी बच्चों को पाठय पुस्तक और गणवेश वितरण किया गया और खीर पूरी खिलाई गई। शिक्षकों व शाला प्रबंधन समिति के पदाधिकारियों ने बच्चों को अच्छी तरह पढ़ाई कर अपना व अपने स्कूल व परिवार का नाम रोशन करने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में संकुल केंद्र गुजरा के संकुल समन्वयक गौकरण ठाकुर, शासकीय प्राथमिक शाला बोरीद के सहायक शिक्षक पूजा गंधर्व और विजय कुमार पोटाई व शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष जीवन लाल रावटे, उपाध्यक्ष बुधारू राम यादव, शाला प्रबंधन समिति के सदस्य शिशुपाल यादव, पालक टेमन लाल, भेनबती, रेखा बाई, देवेंद्र यादव उपस्थित थे।

## खुटेरी (रंग) में शाला प्रवेश उत्सव पर छलका उत्साह



**गुण्डरदेही।** शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला खुटेरी (रंग) में बुधवार को शाला प्रवेशोत्सव मनाया गया। कार्यक्रम में सरपंच नमिता साहू ने सरस्वती पूजन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया तत्पश्चात बच्चों द्वारा सरस्वती वंदना प्रस्तुत किया गया। नवप्रवेशी कक्षा 6 वीं के बच्चों को सरपंच द्वारा गुलाल लगाकर व मिठाई खिलाकर स्वागत किया गया। कक्षा 6वीं 7वीं व 8वीं के बच्चों को निःशुल्क पुस्तक व गणवेश का वितरण किया गया। न्योता भोजन के तहत बच्चों को खीर, पूरी, चावल, दाल, सब्जी परोसा गया। इस अवसर पर चंद्रकांत साहू, गालव सिंह, अशोक ठाकुर, खिलेश्वर साहू, तेजराम साहू, प्रीती साहू, प्रधान पाठक खेमलाल साहू, जेके. साहू, एम.एस. कुशवाहा, सोनल साहू, रेणु शर्मा, डीजेश्वरी पटेल व ग्राम के अन्य सदस्य उपस्थित थे।

## स्वामी आत्मानंद स्कूल में मना प्रवेश उत्सव



**डौंडीलोहारा।** 27 जून को स्वामी आत्मानंद शासकीय उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय डौंडीलोहारा में कक्षा एल के जी. कक्षा पहली, छठवीं व नवमीं के लिए छात्र छात्राओं एवं मुख्य अतिथि नगर पंचायत अध्यक्ष लोकेश्वरी गोपी साहू की उपस्थिति में प्रवेशोत्सव धूमधाम से मनाया गया।

इस अवसर पर शासन की मंशानुरूप और गाइड लाइन का पालन करते हुए सर्वप्रथम राजगीत व राष्ट्रगान का पाठ किया गया,संस्था के प्राचार्य डी.आर देवहरे व लोकेश्वरी गोपी साहू तथा अतिथियों द्वारा नवप्रवेशी बच्चों का स्वागत तिलक लगाकर व मिठाई खिलाकर किया गया साथ ही पुस्तक वितरण भी किया गया। मुख्यअतिथि के द्वारा माननीय मुख्यमंत्री जी का संदेश वाचन किया गया ।

संस्था प्राचार्य ने भी बच्चो को शिक्षा का महत्त्व बताते हुए सभी को शिक्षा अध्ययन पर जोर देने की बात कही जिससे कि एक आदर्श नागरिक बनकर राष्ट्रनिर्माण में सहभागी बनें। उक्त कार्यक्रम में विद्यालय के शिक्षकगण एवं विद्यार्थियों ने भाग लिया ।

## आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय मंगचुवा में मना प्रवेश उत्सव



**डौडीलोहारा।** वनांचल के स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय मंगचुवा में 27 जून को सुबह 10 बजे से प्रवेश उत्सव का कार्यक्रम रखा गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सरपंच अमरीका बाई नायक, विशेष अतिथि उत्तम ठाकुर,पूर्व सरपंच पूनम चंद जैन, टी.आर.नायक, रोहित ढलेन्द्र, उतरा घरेन्द्र पंच सुरेश रावटे, घनश्याम सिंह गौर, चैन सिंह रावटे रामगवाल तारम, अजीत टेंभूकर पालक गण, रेशमा टांडेकर, शक्ति रावटे, चैन बाई सुधाकर, सती बाई कोलियारे, लता बाई आदि जनप्रतिनिधि गण शामिल हुए। प्राचार्य आई. आर. बगमरिया, चित्ररेखा आर्य, योगेश देशमुख, देवनारायण जोशी, मनीष शर्मा, चुरेंद्र सर, विकास यादव, के साहू, मीनाक्षी साहू, खुशबू रानी साहू ,लिपिका गजभिये,प्रगति देवांगन,देविका करसलिया, खुशबु भगत, नेमीचंद, लोकेश गंजीर, स्वाति, खेमलाल,रोहित शामिल हुए।अतिथियों के द्वारा माँ सरस्वती का पूजन किया गया तत्पश्चात विद्यार्थियों को ग़ुलाल से स्वागत कर चॉकलेट एवं पुस्तक वितरण किया गया।सरपंच ने बच्चों के लिए न्योता भोज का कार्यक्रम रखा गया, जिसमें विद्यार्थी एवं जनप्रतिनिधि भी शामिल हुए।

## मोहदीपाठ में नवप्रवेशी बच्चों को खिलाई गई मिठाई



**बालोद/निकुम।** स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी मिडियम स्कूल मोहदीपाठ में नवप्रवेशी को मुंह मीठा कर प्रवेशोत्सव मनाया गया। संस्था प्रमुख प्राचार्य अर्चना चौरे सरपंच सुशीला देवागन, पूर्व सरंपच मुकेश साहू सहित पहुचे अतिथियों ने मां सरस्वती की पूजा अर्चना कर नवप्रवेशी 50 बच्चों को तिलक कर खीर पूरी मुंह मीठा कर पुस्तक वितरण किया गया। इस अवसर पर सरंपच सुशीला देवांगन कहा कि बच्चे अपने लक्ष्य बनाकर पढ़ाई करे, तो सफलता जरुर मिलेगी, सभी बच्चे अनुशासन में रहे। जिसमें जनप्रतिनिधि हेमलाल विश्वकर्मा, संतोष देवांगन, थानू साहू, प्रेमाचंद देवागन व स्टाफ उपस्थित थे।

## शासकीय प्राथमिक शाला गातापार में मना प्रवेश उत्सव



**जामगांव आर।** शासकीय प्राथमिक शाला गातापार में शाला प्रवेश उत्सव मनाया गया। अध्यक्ष शाला प्रबंधन समिति शासकीय प्राथमिक शाला गातापार रेवाराम साहू ने सभी बच्चों का गुलाल लगाकर स्वागत किया। तत्पश्चात सभी बच्चों को पाठ्यपुस्तक और गणवेश का वितरण उपस्थित अध्यक्ष, उपाध्यक्ष एवं पालको द्वारा किया गया। रेवाराम साहू ने कक्षा पांचवी उत्तीर्ण सभी बच्चों को सौ–सौ रुपए पुरस्कार राशि से सम्मानित किया, साथ ही आगामी समय में भी इसी तरह बच्चों को पुरस्कृत करने की घोषणा की। इस अवसर पर उपस्थित सभी अतिथियों ने बच्चों का प्रधान पाठक भुवनेश्वरी नेताम ने मुख्यमंत्री के संदेश का वाचन किया। तत्पश्चात सभी बच्चों का खीर–पूरी खिलाकर मुंह मीठा कराया गया। प्रवेश उत्सव समारोह में अध्यक्ष शाला प्रबंधन रेवाराम साहू, उपाध्यक्ष गजेंद्र साहू, प्रधानपाठक भुनेश्वरी नेताम, शिक्षक पुलस्त्य कुमार साहू, शिक्षिका पायल साहू, देवेंद्र साहू, बोधन साहू एवं बच्चों के माता–पिता विशेष रूप से उपस्थित थे।

### सेजस जामगांव आर में मना प्रवेश उत्सव

**जामगांव आर।** सेजस जामगांव आर में प्रवेश उत्सव प्राचार्य राजेश पिल्लई, संकुल समन्वयक रूपेश साहू के मार्गदर्शन में मनाया गया। इस अवसर पर साहू, मेघनाथ सागरवंशी, मुकेश शुक्ला, मनीष जैन, नरेश केला, अंगेश्वर साहू, प्रेमचंद जैन, डा गुलाब साहू, मुकेश साहू उपस्थित थे।





## विद्यार्थी जीवन का स्वर्णिम समय होता है : संगीता

**गुरूर।** शासकीय हायर सेकेण्डरी स्कूल खुंदनी में स्कूल खुलने पर शाला में प्रथम दिन प्रवेश उत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विधायक संगीता सिन्हा मुख्य अतिथि के रूप में पहुंची, जहां उन्होने बच्चों को लगन से पढ़ाई करने तथा आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। विधायक संगीता सिन्हा के पहुंचने पर विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति विद्यालय के विद्यार्थियों ने दी। विधायक संगीता सिन्हा ने कहा विद्यार्थी जीवन का स्वर्णिम समय होता है, विद्यार्थी जीवनकाल में की गई मेहनत का फल विद्यार्थी जीवन भर पाता है। बच्चों को इस स्वर्णिम समय का सदुपयोग कर अच्छी पढ़ाई करनी चाहिए एवं जीवन के लक्ष्य को निर्धारित कर उस आधार पर विषय का चयन करना चाहिए।



## प्राथमिक शाला झोफरा में लौटी रौनक



**गुण्डरदेही।** गर्मी की लम्बी छुट्टियों के बाद 26 जून से स्कूल फिर से खुल गए हैं। यह तस्वीर शासकीय प्राथमिक शाला झोफरा की है, जहाँ बच्चे शाम 4 बजे छुट्टी के बाद एक मुस्कान के साथ घर लौट रहे हैं।

# कुरदी में 6 जुलाई को होगा जन समस्या निवारण शिविर

**बालोद।** राज्य शासन के निर्देशानुसार प्रशासनिक अमले का आम जनता के बीच पहुँचकर उनके माँगों एवं समस्याओं के त्वरित निराकरण सुनिश्चित करने के लिए जिले के अलग–अलग स्थानों में प्रत्येक माह 02 जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया जाएगा। इसी क्रम में कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल के निर्देशानुसार गुण्डरदेही विकासखण्ड के ग्राम कुरदी में शनिवार 06 जुलाई को वर्ष 2024 का पहला जिला स्तरीय जन समस्या निवारण शिविर का आयोजन किया गया है। इस दौरान जिला प्रशासन के आला अधिकारियों के अलावा मैदानी अमले के अधिकारी–कर्मचारियों के द्वारा आम जनता के बीच पहुँचकर उनके वास्तविक समस्याओं से रूबरू होने तथा उनके माँगों एवं समस्याओं का त्वरित निराकरण सुनिश्चित किया जाएगा। कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल ने सभी जिला स्तरीय अधिकारियों के अलावा मैदानी अमले के सभी अधिकारी–कर्मचारियों को अनिवार्य रूप से शिविर में उपस्थित रहने के निर्देश दिए हैं। जिससे कि आम जनता के मांगों एवं समस्याओं तथा शिविर में प्राप्त आवेदनों का समुचित निराकरण सुनिश्चित किया जा सके।

- जिले के अलग–अलग स्थानों पर हर महीने लगाए जाएंगे शिविर

### इन तिथियों में होगा शिविर

इसके अंतर्गत 06 जुलाई को गुण्डरदेही विकासखण्ड के ग्राम कुरदी के अलावा बालोद विकासखण्ड के ग्राम सांकरा ज में सोमवार 22 जुलाई, डौण्डीलोहारा विकासखण्ड में शनिवार 08 अगस्त, डौण्डी विकासखण्ड के ग्राम कुंआगोंदी में मंगलवार 27 अगस्त, जिला मुख्यालय बालोद में बुधवार 04 सितंबर, गुरूर विकासखण्ड के ग्राम कंवर में शुक्रवार 13 सितंबर, गुण्डरदेही विकासखण्ड के ग्राम कचान्दुर में मंगलवार 08 अक्टूबर, दल्लीराजहरा में सोमवार 23 अक्टूबर, बालोद विकासखण्ड के ग्राम लाटाबोड़ में 11 नवंबर, गुरूर विकासखण्ड के ग्राम अरमरीकला में बुधवार 20 नवंबर, डौण्डीलोहारा विकासखण्ड के ग्राम भंवरमरा में 10 दिसंबर तथा विकासखण्ड के ग्राम मंगलतराई में मंगलवार को 28 दिसंबर को जन समस्या निवारण शिविर का आयोजन किया गया है। शिविर प्रातः 10.30 बजे से शाम 05 बजे तक संचालित किया जाएगा।

तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे,
उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी (छ.ग.)
मो.नं. : 9993010732
लकवा, शरीर में होने वाले सभी प्रकार के दर्द, साइटिका, नस रोग
चर्मरोग - दाद, खुजली, वैमची, मुंह में छाला होना, अल्सर, कैंसर
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना, पेट में दर्द होना
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना, दर्द होना
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन, शुक्राणु की कमी, कमजोरी
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, बच्चादानी में गांठ, मासिक रुकावट
बुखार, सर्दी-खांसी, स्वांस-दमा, शुगर रोग, सिर दर्द, मूत्र रोग,
टी.बी., पीलिया, पथरी, केशरोग, नेत्र व दांत रोग का इलाज होता है

Rahul Travels
TODAY OFFER
50% Discount on One Way Taxi

| Balod To | Zest | Crysta | Today Offer |
| --- | --- | --- | --- |
| Raipur Airport | 1499 | 2999 | 999 |
| Nagpur / Jabalpur/ Ambikapur | 4999 | 7999 | 2999 |
| Sambalpur / Bargarh / Blangir | 3999 | 7999 | 1999 |

RAHUL TRAVELS
One Way Taxi Pvt Ltd
Scan And Book
9926411411
RAIPUR : Near Raipur Airport , Mana Camp

online Booking:-www.tripuryatra.com
सबसे कम राशि पर
स्लीपर मात्र 16,500/-
चार धाम यात्रा
श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री,
श्री यमुनोत्री, श्री हरिद्वार, श्री ऋषिकेश,
श्री त्रियुगीनारायण (माता पार्वती भगवान शिव का विवाह स्थल)
By Train-रिजर्वेशन कोच
05 सितम्बर से 19 सितम्बर 2024, 09 सितम्बर से 23 सितम्बर 2024,
18 सितम्बर से 02 अक्टूबर 2024, 05 अक्टूबर से 19 अक्टूबर 2024
08 अक्टूबर से 22 अक्टूबर 2024
राशि:-स्लीपर-16,500/-, 3 एसी- 25,500/-, 2 एसी- 30,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411